# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 30 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON Google Play

Download App

## Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine GK Search Engine GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. नवंबर 2025 में 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 राजस्थान के किस शहर में आयोजित होंगे?**

(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

♦5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 नवंबर में जयपुर में आयोजित किए जाएंगे

♦इस वर्ष 200 से अधिक विश्वविद्यालयों से 4 हज़ार से अधिक एथलीटों के भाग लेने का अनुमान है, जो 20 विषयों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

♦राजस्थान पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगा

♦इन खेलों का आयोजन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के तत्वावधान में होगा।

**01. वर्ष 2026 में राजस्थान के किस जिले में 13वें इंडिया स्टोन मार्ट का आयोजन 5 से 8 फरवरी 2026 तक किया जाएगा?**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में 13वें इंडिया स्टोन मार्ट का आयोजन अगले साल 5 से 8 फरवरी 2026 तक जयपुर के जेईसीसी में होगा।

♦इसका आयोजन रीको, सीडोस और में लघु उद्योग भारती मिलकर करेंगे।

♦इसमें राजस्थान के नेचुरल स्टोन, स्टोन हैंडीक्राफ्ट, माइनिंग व स्टोन प्रोसेसिंग की नई तकनीक, मशीन तथा उपकरण दुनियाभर के बायर्स के सामने प्रदर्शित किए जाएंगे।

♦ राजस्थान बजट 2025- 26 में स्टोन पार्क की घोषणा : निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) व बूंदी

**02. हाल ही में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु किस राज्य के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है?**

(A) राजस्थान

(B) बिहार

(C) हरियाणा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु राजस्थान के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया।

♦साइबर क्राइम हेल्पलाइन – 1930

♦राजस्थान बजट 2025 - 26 में साइबर अपराध पर रोक लगाने हेतु सरदार पटेल साइबर नियंत्रण केंद्र और वार रूम स्थापित करने की घोषणा की गई।

♦इसके लिए राजस्थान सरकार ने बजट 350 करोड़ भी आवंटित किया था

03. राजस्थान में जयपुर के जवाहर कला केंद्र में “नवकृति' कला प्रदर्शनी” कब आयोजित की गई

(a) 22-25 जून तक

(b) 27-30 जून तक

(c) 26-28 जून तक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 27-30 जून तक तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी 'नवकृति' में महिला शक्ति की कलाकृतियां प्रदर्शित हुईं।

♦प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को मंच देना है।

♦इसमें 10 युवा महिला कलाकारों की 65 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया।

04. राजस्थान क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट में से एक "कोल्विन शील्ड टूर्नामेंट" में इस बार किस जिले की टीम चैम्पियन बनी?

(a) श्रीगंगानगर

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान क्रिकेट का सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट है कॉल्विन शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट इस बार जयपुर की टीम चैम्पियन बनी।

♦ तीन साल में दूसरी बार 10 साल बाद फाइनल में पहुंची श्रीगंगानगर को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराया। खास बात यह है कि पिछली बार जब जयपुर चैम्पियन बनी थी तब टीम को प्रतिष्ठित कोल्विन शील्ड दी गई थी।

♦▪विजेता - जयपुर ▪उपविजेता - श्रीगंगानगर

▪फाइनल में मैन ऑफ द मैच - दीपक चौधरी

▪सर्वाधिक विकेट - साहिल दीवान(18 विकेट)

▪सर्वाधिक रन - सुमित गोदारा (826 रन)

**05. अलवर के सरिस्का बाघ परियोजना में बाघिन एसटी-2 राज माता का दर्जा देते हुए बाघिन राजमाता की मूर्ति का अनावरण किसने किया?**

(a) दीया कुमारी

(b) भजनलाल शर्मा

(c) संजय शर्मा

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥अलवर के सरिस्का बाघ परियोजना में बाघिन एसटी-2 को राज माता का नाम दिया गया है. सरिस्का डे पर 28 जून को बाघिन राजमाता की मूर्ति का अनावरण वन पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने किया.

♦सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ाने में राजमाता का बहुत बड़ा योगदान रहा है. 19 साल 8 महीने तक जीवित रहकर वह भारत की सबसे अधिक उम्र तक जीवित रहने वाली बाघिन है.

♦सरिस्का बाघ परियोजना में बाघिन एसटी-2, जो राजमाता के नाम से जानी जाती है, जिसकी प्रतिमा 2 शावकों के साथ लगाई गई है. एक पार्क भी स्थापित किया गया है.

♦वर्तमान में सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है.

06. राजस्थान के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत कब से की जा रही है?

(A) 13 जून से

(B) 15 जून से

(C) 18 जून से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦प्रदेश के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 13 जून से राज्य में 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत की जा रही है।

♦इस अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव कोटा जिले के रामगंज मंडी के मोडक गांव से करेंगे।

♦यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' को गति देने और प्रदेश के हर गांव को स्वच्छता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**07. राजस्थान में 1000 किलोमीटर से अधिक लंबाई की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए कितने करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं?**

(A) 869 करोड़ रुपये

(B) 1914 करोड़ रुपये

(C) 2214 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ राजस्थान में 1000 किलोमीटर से अधिक लंबाई की 40 सड़क परियोजनाओं के लिए 1914 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

♦केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष  के तहत राजस्थान में कुल 1000.90 किलोमीटर लंबाई की 40 राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए 1914.71 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

♦ इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से 31 प्रमुख जिला सड़कों, 8 राज्य राजमार्गों और 1 अन्य जिला सड़कों के खंडों का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण शामिल

08. देश की पहली काऊ सफारी राजस्थान के किस जिले में शुरू होगी?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦जयपुर में शुरू होगी देश की पहली काऊ सफारी (हिंगोनिया गौशाला, जयपुर)

♦इसमें देशभर की करीब 17 गाय की नस्लों को एक साथ रखा जाएगा।

♦वर्तमान में राजस्थान और गुजरात की 7 नस्लों (थारपारकर, कांकरेज, सांचौरी, मेवाती, नागौरी, राठी और गिर) को शामिल किया गया है।

♦गौशाला परिसर में वरिष्ठ नागरिकों को बैलगाड़ी पर गो परिक्रमा करवाई जाएगी।

09. राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस' 29 जून, 2025 को किस थीम पर मनाया गया है?

(a) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण और विकसित भारत

(b) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष

(c) समृद्ध भारत का विकसित सर्वेक्षण

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस' 29 जून, 2025 को मनाया गया

♦सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) 29 जून को डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में 19वां सांख्यिकी दिवस गया।

♦यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष मनाया जाता है।

♦विषय: राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष

10. हाल ही में कनाडा के फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कौन शामिल हुआ है?

(a) अरविंद पनगढ़िया

(b) अमिताभ कांत

(c) राजीव कुमार

(d) रघुराम राजन



**Important Facts:**

♦अमिताभ कांत, जिन्होंने भारत में नीति आयोग के सीईओ और भारत के जी20 शेरपा के रूप में काम किया है, अब कनाडा के फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में शामिल हो गए हैं।

♦ वे अपने 45 साल के प्रशासनिक अनुभव के साथ भारत में फेयरफैक्स की दीर्घकालिक निवेश रणनीति को मजबूत करेंगे।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी का संयोजक किसे बनाया गया है**

(A) धनंजय सिंह खींवसर

(B) दीनदयाल कुमावत

(C) अजय बिश्नोई

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK
Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK
GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine